Govt. Registered
Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 21 सितंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 354

# तिरुपति लड्डु केस : लैब की रिपोर्ट आने के बाद फूटा सीएम नायडू का गुस्सा, बोले-किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा




**नई दिल्ली | आरएनएस**

विश्व प्रसिद्ध तिरुपति के लड्डू में पशुओं की चर्बी के इस्तेमाल करने पर सियासत गरमा गई है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने पिछली सरकार पर आरोप लगाए कि वाईएसआरसीपी सरकार के दौरान तिरुपति मंदिर के लड्डुओं में पशुओं की चर्बी का इस्तेमाल किया गया था। उन्होंने दावा किया कि लैब रिपोर्ट ने भी इस बात की पुष्टि की है कि लड्डू में मिलावट की गई थी।

लैब रिपोर्ट सामने आने के बाद टीडीपी प्रवक्ता अनम वेंकट रमण रेड्डी ने कहा,गुजरात में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड को परीक्षण के लिए भेजे गए नमूनों की प्रयोगशाला रिपोर्ट प्रमाणित करती है कि घी की तैयारी में गोमांस की चर्बी, पशु वसा, चरबी और मछली के तेल का उपयोग किया गया था, जो तिरुमाला को आपूर्ति की गई थी।

अब लैब की रिपोर्ट आने के बाद सीएम नायडू ने प्रतिक्रिया दी। सीएम ने कहा कि इस अनियमियता में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीएम ने कहा कि मुझे जो लैब रिपोर्ट मिली है, उससे स्पष्ट है कि प्रसाद की गुणवत्ता के साथ समझौता किया गया, उसमें अपवित्र वस्तुओं की मिलावट की बात सामने आई है। इन सबके लिए जिम्मेदार कुछ लोगों के खिलाफ कार्रवाई भी शुरू हो गई है। कुछ लोगों को काम से हटा भी दिया गया है।

## मंदिर के प्रसाद में पशु चर्बी का प्रयोग अत्यंत घृणित एवं असहनीय : विहिप



आंध्र प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध तिरुपति वेंकटेश्वर मंदिर के प्रसाद में मिलावट मामले पर विश्व हिंदू परिषद(विहिप) के अंतरराष्ट्रीय महासचिव बजरंग बागड़ा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि हिंदुओं की भावनाओं के साथ इस प्रकार का खिलवाड़ जानबूझ कर और लंबे समय से किया जा रहा है। इससे पूरे हिंदू समाज में आक्रोश की लहर है। हिंदुओं की आस्था पर बार-बार हो रहे इस प्रकार के हमलों को हिंदू समाज अब और बर्दाश्त नहीं करेगा। भगवान तिरुपति मंदिर के प्रसाद में जिस प्रकार विभिन्न पशुओं का मांस मिलाया गया, यह अत्यंत घृणित एवं असहनीय कृत्य है। बागड़ा ने निष्पक्ष जांच की वकालत की। उन्होंने आगे कहा, विश्व हिंदू परिषद पुरजोर मांग करती है कि इस घटना की पूर्णत: निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। न केवल ऐसे घृणित कुकृत्यों पर रोक लगनी चाहिए, बल्कि जो व्यक्ति या अधिकारी ऐसा निर्णय लेने या करवाने के लिए जिम्मेदार है, उसके विरुद्ध आपराधिक कार्रवाई की जानी चाहिए तथा उसे दंडित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद लंबे समय से मांग कर रही है कि हिंदू देवी-देवताओं और मंदिरों पर सरकार का नियंत्रण नहीं होना चाहिए। उन्हें समाज के नियंत्रण में होना चाहिए और समाज द्वारा उनका प्रबंधन किया जाना चाहिए। मंदिरों पर सरकारी नियंत्रण से राजनीति का प्रवेश होता है। वहां गैर-हिंदू अधिकारियों की नियुक्ति से प्रसाद में मिलावट होती है इसलिए हम एक बार फिर मांग करते हैं कि हिंदू पूजा स्थल, मंदिर और तीर्थ स्थान सभी सरकारी नियंत्रण से मुक्त होने चाहिए।

बजरंग बागड़ा ने मंदिरों की संपत्ति के दुरुपयोग का भी मुद्दा उठाया। कहा कि इसके अंतर्गत कई अन्य मुद्दे भी हैं जिनमें मंदिरों की संपत्ति का दुरुपयोग और अतिक्रमण किया जाता है। इनका उपयोग गैर-हिंदू उद्देश्यों के लिए भी किया जाता है। तिरुपति मंदिर की घटना के बाद हमारी मांग और मजबूत हो गई है कि हिंदू मंदिरों से सरकारी नियंत्रण खत्म होना चाहिए।

## प्रसाद में मिलावट करने वालों पर भड़के कथावाचक देवकी नंदन ठाकुर, बोले- ये सनातनियों पर बहुत बड़ा आघात



**मथुरा (आरएनएस)।** विश्व प्रसिद्ध तिरुपति बाला जी मंदिर के प्रसाद में मिलावट को प्रसिद्ध कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने आत्मा का वध करने जैसा बताया है। इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए उन्होंने केंद्र सरकार और उच्चतम न्यायालय से ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की अपील भी की है। उन्होंने एक वीडियो संदेश के जरिए अपनी पीड़ा साझा की है। कहा है, तिरुपति बालाजी के प्रसाद में जिस तरीके की मिलावट की बातें हम लोगों को सुनाई पड़ रही हैं। यह बहुत दुखद है, आत्मा का वध करने जैसा है। आज़ाद देश में कोई सनातियों की भावना से इतना बड़ा खिलवाड़ कर सकता है। वह भी प्रदेश की सरकार के संरक्षण में या उसकी देखरेख में! हमारे संविधान में यह कहा गया है कि सब लोग अपनी पूजा पद्धति अपने- अपने अनुसार करेंगे लेकिन क्या संविधान में यह अनुमति है कि हमारी पूजा पद्धति पर अधिकार प्रादेशिक सरकार का होगा या उस पर कमेटी बनाकर रखी जाए अथवा उसमें मिलावट होगी अथवा उसमें भी कुछ ऐसी चीज़ मिला दी जाएंगी, जिससे सनातनियों का धर्म बर्बाद हो जाएगा। कथावाचक ने आगे कहा, तिरुपति बालाजी में पवित्रता का ध्यान रखा जाता है और हम सब ये जानते हैं लेकिन जिस तरीके की न्यूज आ रही है वो ठीक नहीं है। अगर यह सच है तो निश्चित तौर पर हम सब सनातनियों के साथ बहुत बड़ा आघात हो रहा है। हम सब सनातनियों को बार-बार कहा जाता है कि शांति रखें तो आप बताइए जूस में मूत्र मिल रहा है। भोजन में थूक मिल रहा है। प्रसाद में मिलावट मिल रही है। क्या सनातनियों को इसके बावजूद भी चुप होना चाहिए? महाराज ने कठोर कार्रवाई की मांग उठाई है। बोले, यह अगर सच है तो इसके पीछे कौन व्यक्ति है पहले यह पता करें। फिर उस व्यक्ति के विरुद्ध इतनी कठोर कार्रवाई हो कि दोबारा किसी का साहस ना हो सके। यह मैं भारत सरकार से और सुप्रीम कोर्ट से भी निवेदन करूंगा की अगर आप भी संविधान के तहत हैं तो आपकी यह ज़िम्मेदारी बनती है कि इस पर गहन जांच करके दोषियों को बहुत बड़ी सजा दें।

# महत्वपूर्ण एवं खास

## इंतजार खत्म : अग्निवीर भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय सेना ने अग्निवीर भर्ती परीक्षा 2024 का अंतिम परिणाम जारी कर दिया है। इस परीक्षा में शामिल होने वाले लाखों युवाओं को अब बेसब्री से इसका इंतजार था। उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं। सेना ने जनरल ड्यूटी, टेक्निकल, ट्रेड्समैन, ऑफिस असिस्टेंट, महिला सैन्य पुलिस, स्द्गश्चश4 फार्मा और सोल्जर टेक्निकल नर्सिंग असिस्टेंट सहित कई कैटेगरी के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची जारी की है। भारतीय सेना अग्निवीर भर्ती परीक्षा का आयोजन 22 अप्रैल से 3 मई 2024 तक विभिन्न शिफ्टों में किया गया था। इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 13 फरवरी से 22 मार्च 2024 तक आमंत्रित किए गए थे। परीक्षा में लिखित परीक्षा और फिजिकल टेस्ट शामिल था। ऑफिस असिस्टेंट और स्टोर कीपर टेक्निकल के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों का टाइपिंग टेस्ट भी हुआ था। फिजिकल टेस्ट में उम्मीदवारों को 1.6 किलोमीटर की दौड़, पुल अप्स और 9 फीट की लंबी छलांग लगानी थी। 1.6 किलोमीटर की दौड़ 5 मिनट 30 सेकंड में पूरी करनी थी।

## लालू यादव की मुश्किलें बढ़ी, लैंड फॉर जॉब मामले में चलेगा केस, गृह मंत्रालय ने सीबीआई को दी मंजूरी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** लैंड फॉर जॉब घोटाला मामले में आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव की मुश्किलें बढने वाली है। गृह मंत्रालय ने सीबीआई को लालू यादव के खिलाफ केस चलाने की मंजूरी दे दी है। सीबीआई ने यह जानकारी राऊज एवेन्यू कोर्ट में दी है। बता दें सीबीआई ने इस मामले में लालू यादव के खिलाफ केस चलाने की अनुमति मांगी थी। इससे पहले दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 18 सितंबर को 'नौकरी के बदले जमीन' से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू यादव, पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव और अन्य आरोपियों को समन जारी किया था। उन्हें 7 अक्टूबर को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा गया है। इस मामले में कोर्ट ने अखिलेश्वर सिंह और उनकी पत्नी किरण देवी को भी समन भेजा है। वो एके इंफोसिस लिमिटेड के निदेशक भी थे। इस मामले में तेजप्रताप यादव को भी समन भेजा गया है। कोर्ट ने लालू यादव, तेजस्वी यादव, तेजप्रताप यादव, अखिलेश्वर सिंह, हजारी प्रसाद राय, संजय राय, धर्मेंद्र सिंह, किरण देवी को 7 अक्टूबर को तलब किया है।

## सर्राफा डकैती कांड में पुलिस की बड़ी कार्यवाई, एक लाख का इनामी बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**बरौंसा-सुलतानपुर (आरएनएस)।** सर्राफा डकैती कांड में शामिल एक लाख का इनामी बदमाश और पुलिस के बीच शुक्रवार सुबह जयसिंहपुर के भेवतरी में मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगी है। बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। हाल ही में कोतवाली नगर के भरत सोनी के यहां बदमाशों ने दिनदहाड़े डकैती की बड़ी वारदात को अंजाम दिया था। डकैती कांड की बाद से ही पुलिस की कार्यशैली को लेकर सवाल उठ रहे थे। पुलिस ने मामले में वर्कआउट करते हुए मास्टरमाइंड सहित कई अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। शुक्रवार सुबह करीब चार बजे डकैती कांड में शामिल जौनपुर जानपद के थाना सिंगरामऊ लारपुर निवासी इनामिया बदमाश अजय यादव उर्फ डीएम भी मुठभेड़ में पकड़ा गया। एसटीएफ और जयसिंहपुर पुलिस ने बगियागांव-पीढ़ी मार्ग पर भेवतरी नहर की पुलिया के पास मुठभेड़ के बाद अजय को गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान इनामिया बदमाश के पैर में गोली लग गई। जिसे इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। मुठभेड़ में घायल बदमाश के विरुद्ध अलग-अलग थानों कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। सीओ विनय कुमार गौतम ने मुठभेड़ की पुष्टि की है।

# आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामला: सीबीआई ने टीएमसी के युवा नेता से कई घंटे की पूछताछ

**कोलकाता | आरएनएस**

आजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के साथ हुए दुष्कर्म के मामले पर सीबीआई ने तृणमूल कांग्रेस के युवा नेता आशीष पांडे से पूछताछ की है। वो आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हाउस स्टाफ भी है। सीबीआई ने कई घंटों तक आशीष पांडे से पूछताछ की है।




सीबीआई अधिकारी ने कहा, पांडे का फोन नंबर कई लोगों की कॉल लिस्ट में पाया गया। जिस दिन प्रशिक्षु डॉक्टर का शव मिला, उस दिन वह अपनी एक गर्लफ्रेंड के साथ साल्ट लेक के एक होटल में ठहरा था। हम उस दिन उसकी गतिविधियों का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं।

सीबीआई ने होटल अधिकारियों को भी पांडे की बुकिंग और किए गए भुगतान का ब्यौरा देने के लिए बुलाया है। अधिकारी ने कहा, होटल का कमरा एक ऐप के जरिए बुक किया गया था। वह 9 अगस्त की दोपहर को होटल में आया और अगली सुबह चला गया। हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि उसका वहां ठहरने का उद्देश्य क्या था।

# सुप्रीमकोर्ट का यूट्यूब चैनल हैक, अपलोड किया क्रिप्टोकरेंसी का वीडियो

**नई दिल्ली | आरएनएस**

सुप्रीम कोर्ट का यूट्यूब चैनल शुक्रवार को हैक कर लिया गया है। खबरों के मुताबिक इसमें यू.एस. स्थित कंपनी रिपल लैब्स की क्रिप्टोकरेंसी को बढ़ावा देने वाले वीडियो चलाए गए हैं। हैक किए गए चैनल पर एक वीडियो की लाइव स्ट्रीमिंग भी की गई। इस वीडियो में शीर्षक है, ब्रैड गार्लिंगहाउस रिपल ने एसईसी के 2 बिलियन डॉलर के जुर्माने पर प्रतिक्रिया दी! एक्सआरपी मूल्य भविष्यवाणी।



सुप्रीम कोर्ट संविधान पीठों के समक्ष सूचीबद्ध मामलों और जनहित से जुड़े मामलों की लाइव सुनवाई को स्ट्रीम करने के लिए यूट्यूब का उपयोग करता है। 2018 में तत्कालीन यूयू ललित की अध्यक्षता में कोर्ट द्वारा सर्वसम्मति से फैसले में शीर्ष अदालत ने 2018 में सभी संविधान पीठ की सुनवाई की कार्यवाही को लाइव-स्ट्रीम करने का फैसला किया था।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, एक सीनियर अधिकारी ने कहा है कि क्या हुआ है इसकी जानकारी अभी स्पष्ट नहीं है लेकिन ऐसा लगता है कि वेबसाइट में कुछ दिक्कत आई है। यह जानकारी शुक्रवार को मिली है और सुप्रीम कोर्ट की आईटी टीम ने मामले को नेशनल इन्फोर्मेटिक सेंटरको भेज दिया है।

# जम्मू-कश्मीर में खाई में गिरी बीएसएफ जवानों की बस, तीन जवानों की मौत, 32 घायल

**श्रीनगर | आरएनएस**

जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले में सीमा सुरक्षा बल की एक बस खाई में गिर जाने से तीन जवानों की मौत हो गई और कई जवान घायल हो गए। जानकारी के अनुसार दूसरे चरण में चुनाव ड्यूटी के लिए बीएसएफ जवानों को ले जा रही बस बडगाम जिले में जा रही थी। तभी बस खाई में जा पलटी। जिस कारण 3 जवानों की मौत हो गई और 32 जवान घायल हो गए। इसमें से 6 की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों को एसडीएच खान साहिब और बडगाम के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी मिली है कि बडगाम में ब्रेल वाटरहेल इलाके में बस हादसे का शिकार हुई है। अचानक बस सडक़ से फिसलकर खाई में गिर गई।



हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंचीं और बस में फंसे जवानों को बाहर निकाला गया। जानकारी मिलते ही आलाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं। अभी तक हादसे के कारणों को पता नहीं चल सका है।

## दौसा : एनएच 21 पर जिला एवं सेशन जज की कार को ट्रोले ने मारी टक्कर, जज समेत तीन घायल, चालक फरार



**दौसा (आरएनएस)।** दौसा में बीती देर रात एक बड़ा हादसा हुआ जब जिला एवं सेशन न्यायाधीश राजेन्द्र कुमार की कार को बेकाबू ट्रोले ने एनएच 21 के खेड़ली मोड़ पर टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में न्यायाधीश को हल्की चोटें आई हैं, जबकि कार चालक और नाजिर को भी चोटें पहुंचीं। हादसे के दौरान कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन सौभाग्य से सभी की जान एयरबैग्स के खुलने से बच गई। यह घटना जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर उस समय हुई जब जिला एवं सेशन जज राजेंद्र कुमार गिरिराज धरण मंदिर में दर्शन कर अपने घर लौट रहे थे। दुर्घटना की खबर मिलते ही सदर और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। हादसे के बाद पुलिस अधीक्षक (एसपी) रंजीता शर्मा भी अस्पताल पहुंचीं, जहां तीनों घायलों का इलाज चल रहा है। पुलिस ने ट्रोले को जब्त कर लिया है, लेकिन उसका चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस अब फरार चालक की तलाश कर रही है, और मामले की जांच जारी है।

# सोनीपत : बलियाना मोड़ पर शराब की दुकान पर फायरिंग,तीन लोगों की मौत, कई घायल

**सोनीपत | आरएनएस**

हरियाणा के सोनीपत जिले के बलियाना मोड़ पर एक शराब की दुकान पर अज्ञात बदमाशों द्वारा की गई फायरिंग में तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हमलावरों की तलाश जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बदमाश अचानक दुकान पर पहुंचे और ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दीं। फायरिंग में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कुछ अन्य घायल हुए जिन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। प्राथमिक जांच में यह घटना आपसी रंजिश का नतीजा मानी जा रही है, हालांकि, पुलिस ने अन्य सभी संभावित एंगल से भी मामले की जांच शुरू कर दी है। रोहतक एसपी ने जानकारी देते हुए बताया की सोनीपत रोड पर बलियाना मोड़ पर एक शराब की दुकान पर हुई गोलीबारी की घटना में तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। घायलों का इलाज रोहतक पीजीआई के ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है।

# गणेश विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा, आतिशबाजी में विस्फोट से 11 महिलाएं झुलसी

**नागपुर | आरएनएस**

महाराष्ट्र के नागपुर जिले के उमरेड में गुरुवार रात गणेश विसर्जन कार्यक्रम में पटाखा शो के दौरान हादसे में 11 महिलाएं झुलस गईं हैं। इस घटना का एक डरावना वीडियो भी सामने आया है, जिसमें विस्फोट के बाद अफरा-तफरी का माहौल साफ देखा जा सकता है।



घटना उमरेड के इतवारी रोड पर श्रीकृष्ण मंदिर के पास हुई जब शिव स्नेह मंडल का गणपति विसर्जन जुलूस निकाला जा रहा था। जुलूस में शामिल लोग ढोल-नगाड़ों के साथ गणपति बप्पा मोरया के जयकारे लगा रहे थे। इसी दौरान कुछ लोगों ने पटाखे जलाना शुरू किया और अचानक एक रॉकेट पटाखा जमीन पर फट गया। विस्फोट इतना जोरदार था कि आसपास मौजूद 11 महिलाएं बुरी तरह झुलस गईं।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचा और घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें से सात गंभीर रूप से घायल महिलाओं को नागपुर के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रेफर किया गया है, जबकि चार अन्य का इलाज उमरेड के सरकारी अस्पताल में चल रहा है। कुछ महिलाओं के चेहरे बुरी तरह झुलसे हैं।

पुलिस इस मामले की जांच कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। स्थानीय लोगों ने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

# घर वाले डाल रहे थे शादी का दवाब, लड़की ने रची अपहरण की साजिश

## पुलिस ने खोज निकाला

**नोएडा | आरएनएस**

नोएडा में उस समय सनसनी मच गई जब दिनदहाड़े एक लडक़ी के अपहरण होने की सूचना पुलिस को मिली। उसके बाद पुलिस ने आनन-फानन में कई टीमों का गठन किया और लडक़ी के मोबाइल को सर्विलांस पर लगाया। जिसके बाद पुलिस ने लडक़ी को सकुशल निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन के पास से बरामद कर लिया है।

दरअसल, नोएडा के थाना-113 में शुक्रवार को दिनदहाड़े एक लडक़ी के अपहरण करने की सूचना के बाद पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया। युवती के भाई ने जिस जगह घटनास्थल बताया था, उस जगह के फुटेज में पुलिस को कुछ नहीं मिला। जिसके बाद पुलिस को मामला संदिग्ध लगा।



पुलिस ने लडक़ी के फोन को सर्विलांस पर लगाया और उसकी तलाश शुरू की। युवती के भाई ने बताया था कि अपहरण के बाद उसकी बहन से उसकी बात हुई है। डीसीपी नोएडा राम बदन सिंह ने बताया कि जैसे ही पुलिस को लडक़ी के अपहरण होने की सूचना प्राप्त हुई तुरंत कई टीमों का गठन किया गया और लडक़ी को निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से ढूंढ निकाला गया।

लडक़ी से जब पुलिस ने पूछताछ की तो पता चला कि उस पर घरवालों ने शादी करने का प्रेशर बनाया हुआ था। जिसके कारण उसने अपहरण की पूरी योजना बनाई और वो घर से भाग जाना चाहती थी। वो बस से निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन भी पहुंच गई थी।

लडक़ी ने भी अपने बयान में बताया है कि उस पर लगातार परिजन और रिश्तेदार शादी के लिए दबाव बना रहे थे। लेकिन, वह अपना भविष्य बनाना चाहती है। इसलिए उसने अपने अपहरण की साजिश रची थी।

वहीं, पहले विकास यादव नामक युवक ने बताया था कि वह अपनी बहन को एक ऑटो में बिठाकर नौकरी के लिए निकल गया था। उसकी बहन एक क्लीनिक में काम करती है। उसकी बहन जहां पर ऑटो बदलने के लिए उतरी थी, वहीं से उसका अपहरण हो गया। हालांकि, बाद में पुलिस ने मामले का खुलासा कर दिया।